भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3316

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि

3316. श्री अमरा राम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सीकर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में फगलवा, दुगोली, मंदोता, जीण माता मंदिर (देवस्थान), मूंडवाड़ा, पेवा, धोद और मंडोली में मुख्य जिला सड़कों (एमडीआर) के निर्माण और नवीनीकरण का अनुमोदन विचाराधीन है और ऐसा अनुमोदन कब तक जारी होने की संभावना है; और

(ख) केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत सीकर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमोदित कार्यों का, उनकी अनुमानित लागत और उनके पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा सहित, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) सीकर लोकसभा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष सहित विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना के तहत नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन 9 कार्यों में से 2 कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष 7 कार्यों को वित्तीय वर्ष 2027-28 में पूरा करने का लक्ष्य है।

*****